**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह (सीतापुर स्थानीय प्राधिकारी), मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-31 का उत्तरालेख।**

| | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 31- | (क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर में महमूदाबाद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक न होने से क्षेत्रीय लोगों को असुविधा होती है? | उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा नियमावली 2020 के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर हड्डी रोग विशेषज्ञ का पद सृजित नहीं है। जनपद सीतापुर के महमूदाबाद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 01 निश्चेतक, 01 स्त्रीरोग तथा 05 एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक तैनात हैं जिनके द्वारा जनमानस को बेहतर चिकित्सकीय सेवायें उपलब्ध करायी जा रही हैं। |
| | (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के समाधान हेतु स्वास्थ्य केन्द्र पर हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| | (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| | (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न ही नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश।